NEWS / फटाफट

पति की खोज को एसएसपी से गुहार

गदरपुर। ईद के दिन घर से दिल्ली जाने के लिए निकले पति के बारे में कोई जानकारी न मिलने पर पत्नी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर को डाक के माध्यम से तहरीर देकर खोजबीन किये जाने की मांग की है। नगर के आजादनगर वार्ड 8 निवासी इरफान अली अल्मोड़ा में मस्जिद में देखरेख किया करते थे, जो स्वास्थ्य खराब होने पर गत 20 जनवरी 2017 को घर लौट आये थे। इरफान अली की पत्नी अरमाना बेगम द्वारा उनका हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तो उनको कैंसर बताया गया, जिसका दिल्ली के एम्स से उपचार चल रहा था। वे 26 जून को ईद को इरफान अली घर से इलाज के लिए दिल्ली जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वो घर वापस नही लौटे। इधर उनकी पत्नी अरमाना बेगम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उध्मसिंहनगर को पत्र भेजकर इरफान अली की खोजबीन की गुहार लगाई है।

शैक्षिक भ्रमण पर छात्रों का दल कर्नाटक रवाना

गदरपुर। सरदार पटेल के 140वें जन्म दिवस पर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत राज्य संसाधन केंद्र के नेतृत्व में छह सदस्यों का एक प्रतिनिधि दल शैक्षिक भ्रमण पर राज्य संसाधन केंद्र कर्नाटक के लिए रवाना हुआ। दल 6 अगस्त तक कर्नाटक में होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेगा। लोक शिक्षा समिति गदरपुर की ब्लॉक समन्वयक पुष्पा राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए सीएस नेगी, हरिद्वार के जिला समन्वयक बृजमोहन त्यागी, लोक शिक्षा केन्द्र गदरपुर की ब्लॉक समन्वयक पुष्पा राठौड़ लोक शिक्षा केन्द्र धनपुर-विजयपुर की प्रेरक गोरी खरवार एवं वरिष्ठ सहायक थौलधर अनिल सिंह का चयन किया गया है।

गुरुदक्षिणा कार्यक्रम में हिन्दुओं की मजबूती पर बल

गदरपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गुरुदक्षिणा कार्यक्रम स्थानीय कम्बोज धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिशद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डा.आरके महाजन ने की। गुरुदक्षिणा कार्यक्रम का शुभारम्भ एकल गीत से प्रारम्भ हुआ। उसके उपरान्त स्वयं सेवकों ने परम पवित्र भगवा ध्वज के समक्ष पुश्प अर्पित किये। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गजेन्द्र सिंह ने परम पवित्र भगवा ध्वज के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने सभी स्वयं सेवक बन्धुओं से हिन्दुओं को संगठित करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विहिप नेता डा. आरके महाजन ने कहा कि हिन्दुओं का धर्मान्तरण न हो सके। कार्यक्रम का संचालन दीपक सुधा ने किया। इस अवसर पर पीताम्बर बिष्ट, रविन्द बजाज, सुबोध शर्मा, डा. विनोद शर्मा, हरीश जेटली, पंकज सेतिया, अभिशेक, राकेश भुड्डी, राम प्रसाद ध्यानी, अशोक बठ्ला, मोहन सिंधी सहित मौजूद थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला बच्चों समेत लापता

किच्छा। संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला दो बच्चों सहित घर से लापता हो गयी। एक सप्ताह तक कोई सुराग न लगने पर महिला के पति ने कोतवाली पुलिस में महिला व दो बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कराते हुये पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगायी है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में ग्राम नारायणपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कहा कि 23 जुलाई की शाम 4 बजे से उसकी पत्नी लापता है। तहरीर में उसने कहा कि उसकी पत्नी के साथ साथ उसका 9 वर्षीय पुत्र व सात वर्षीय पुत्री का भी कोई पता नहीं चल रहा है। उसने पुलिस से सूचना दर्ज कर पत्नी व बच्चों को सकुशल बरामद करने की गुहार लगायी है । पुलिस ने तीनों की गुमशुदगी दर्ज करते हुये मामले की जांच प्रारम्भ कर दी है ।

शर्मनाक/ किशोरी के शिशु को जन्म देने के मामले में कार्रवाई

दुष्कर्म के आरोपी युवक पर पॉस्को में मुकदमा

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। शहर से सटी पास कालोनी ओमेक्स में एक नाबालिग नौकरानी के नवजात शिशु को जन्म देने के बाद पुलिस ने आरोपी एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। उल्लेखनीय है कि यूपी के बरेली के थाना बहेड़ी निवासी समुदाय विशेष का एक युवक ओमेक्स में संचालित एक बुटीक में काम करता है।

कालोनी में ही मूलरूप से पूर्वांचल निवासी एक किशोरी भी एक फ्लैट में काम करती थी। मंगलवार को देर शाम को किशोरी ने एक बच्चे को जन्म देने के बाद शिशु को दुमंजले से फेंककर मारने की कोशिश की गई। शिशु को नीचे फेंकने के दौरान नीचे बैठे गार्ड ने देख लिया था और

न्याय

- किशोरी के परिजन भी पहुंचे

थोड़ी देर में मौके पर भीड़ एकत्र हो गई थी। कालोनीवासियों ने बच्चे को बचा लिया। सूचना पर सिडकुल पुलिस समेत पुलिस के अन्य अधिकारी भी पहुंच गये थे।

पुलिस ने शिशु व किशोरी को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किशोरी जिस रुम में भर्ती है, उसके बाहर पीएसी महिला तैनात कर दी है। उधर पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत लेने के बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिडकुल चौकी प्रभारी नरेशपाल के मुताबिक आरोपी आरोपी इमरान के खिलाफ बलात्कार व पास्को अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि किशोरी के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। किशोरी के मां बाप पंहुच गये।

इधर सूत्रों के मुताबिक बच्चे को गोद लेने के लिए शहर के दम्पति पुलिस अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं जबकि एक निजी चिकित्सालय में भर्ती किशोरी स्वास्थ्य लाभ ले रही है। किशोरी से मिलने से रोकने के लिए पीएसी तैनात कर दी गई है।

बच्चे की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। पति की पिटाई से महिला के पेट में पल रहे बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है। बरेली के मीरगंज निवासी खलील अहमद ने तहरीर सौंपी है कि उसकी गर्भवती पुत्री को दामाद नासिर खां ने बुरी तरह पीटा। इससे पुत्री गर्भ में आठ माह के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी नसीर खां के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

वृद्ध से मारपीट की तहरीर

बाजपुर। एक युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर दो तीन महिलाओं सहित पांच लोगों पर जबरन घर में घुसकर मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए वृद्ध पिता का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। वार्ड प्रेमनगर निवासी सुखविंदर गर्ग ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि सुनीता मित्तल, लीलावती, अमृत लाल, वीरेंद्र कुमार गर्ग, सरिता ने घर में घुसकर उसके पिता कृष्ण कुमार के साथ मारपीट व अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्रारम्भिक जांच में कृष्ण कुमार गर्ग से इस संबंध में पूछताछ किये जाने पर उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया। जांच अभी जारी है यदि शिकायत झूठी पायी गयी तो फाइनल रिपोर्ट लगा वादी के खिलाफ कार्रवाई अंजाम में लायी जायेगी। वहीं यह बात भी सामने आयी है कि कृष्ण कुमार के नाम जो संपति है उसको लेकर यह विवाद हुआ है।

रुद्रपुर में कृष्णा क्लीनिक का शुभारंभ

कृष्णा क्लीनिक का उदघाटन करते चैतन्य महाराज

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। श्री गुरुनानक बालिका इंटर कालेज के सामने नव प्रतिष्ठान कृष्णा क्लीनिक का शुभारंभ मंदिर मनकामेश्वर के स्वामी नारायण चैतन्य महाराज ने मंत्रोच्चारण के साथ फीता काट कर किया। उन्होंने क्लीनिक के स्वामी डा.गौरव अग्रवाल को बधाई देते हुये उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान डा.गौरव अग्रवाल ने बताया कि इससे पूर्व उन्होंने हल्द्वानी में डा.सुशीला तिवारी चिकित्सालय व रुहेलखंड मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि क्लीनिक मं हृदय, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेट, लीवर, बुखार, काला पीलिया, गठिया, पैरों में सूजन, गुर्दा अल्सर, खून की कमी, अस्थमा व दमा के रोगियों का उपचार किया जायेगा। इस मौके पर विजय कुमार अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राधा अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, भोला राम अग्रवाल, कुन्दन लाल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, रोशन लाल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, संगीता, अरुण अग्रवाल, पुष्पा गर्ग, पवन अग्रवाल, अंजू,अनुज अग्रवाल आदि लोग मौजूद थे।

अगले सत्र से कापी किताबें उचित दामों पर उपलब्ध होगी : पांडेय

ब्लाक कार्यालय में सम्बोधित करते शिक्षा मंत्री अरविन्द पांडेय।

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

गदरपुर। ग्राम प्रधान संघ ने शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे का ब्लॉक परिसर में फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि वे शिक्षा के प्रति चिंतित हैं और शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं बताया कि ग्राम प्रधानों का जो

राहत

- ग्राम प्रधानों ने शिक्षा मंत्री का किया भव्य स्वागत

मानदेय वेतन अभी तक रुका हुआ था वह जल्दी उन्हें मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी स्कूलों में बुक बैंक बनाए जाएंगे। इसमें कॉपी किताबें उचित दामों पर उपलब्ध होंगी व उनके शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह किताबें स्कूल में वापस की जाएंगी। वहीं ये किताबें नए एडमिशन के समय छात्रों को पढ़ाई के लिए दिये जायेंगे। इस दौरान राजेश गुम्बर, अतुल पांडे, रविंदर वीर सिंह, वीरेद तिवारी, ब्लाक प्रमुख सरबजीत कौर, इंदरजीत सुधा, विकास सरकार, दीन दयाल सिंह, अनिल जेटली, मक्खन राजपूत आदि प्रधान मौजूद थे।

लोनिवि कार्यालय पर गरजे ग्रामीण, प्रदर्शन

आक्रोश

- सड़कों की मरम्मत न होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। ग्राम सभा फुलसुंगी में सड़कों के बीचों बीच हो रहे बड़े-बड़े गड्ढों को न भरने व टूटी सड़कों का निर्माण न करने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंच प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर गांव की उपेक्षा का भी आरोप लगाया।

अधिकारियों के मौके पर न होने पर उन्होंने विभाग के एक अधिकारी कोज्ञापन सौंपा। बुधवार को प्रधान सुरेश गौरी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण एकत्र होकर इन्दिरा चौक स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय पंहुचे और उन्होंने गांव की सड़कों के

लोक निर्माण विभाग में प्रदर्शन करते फुलसुंगी के लोग।

बीचोंबीच हो रहे गड्ढों का भरान व टूटी सड़कों की मरम्मत करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गंगापुर रोड से शिमला बहादुर तक की सड़क बुरी तरह टूट चुकी है, जिस कारण लोगों का वहां से निकलना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि इन गड्ढों में गिरकर कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मौके पर उपप्रधान अनिल शर्मा, राजेश सिंह, पंकज राघव, संजय सिंह, राम सिंह, लक्ष्मीदत्त जोशी, अभिषेक मिश्रा, आदित्य कुमार, राम प्रसाद, देवीलाल, जयसिंह, पंकज राघव, जयदत्त, रविशंकर मिश्रा, जोगेन्द्र सिंह चौहान आदि थे।

अवैध रुप से दस्तावेज बना रहा युवक दबोचा

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

छापेमारी के दौरान एसडीएम व अन्य।

किच्छा। बिना लाइसेंस के अवैध रुप से दस्तावेज बना रहे युवक को एसडीएम ने छापा मारकर दबोच लिया। इस दौरान एसडीएम ने दुकान बंद करने के निर्देश जारी करते हुये आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी है। एसडीएम कार्यालय के निकट स्थित मार्केट में फर्जी दस्तावेज बनाने की सूचना पर एसडीएम नरेश चंद दुर्गापाल ने छापामार कार्यवाही की। इस दौरान एसडीएम नरेश चंद ने एक आरोपी को पकड़ लिया।

उपजिलाधिकारी को शिकायत के अनुसार पुरानी नगर पालिका मार्केट में बरा निवासी विकास कुमार एक ऑनलाइन सेंटर का संचालन कर रहा था। शिकायत के अनुसार सेंटर पर जाति प्रमाणपत्र, आय व स्थाई प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर सेंटर संचालक किच्छा निवासी हजारों रुपये की अवैध वसूली कर रहा था। वहीं संचालक पर आय प्रमाण बनाने के नाम पर हजारों की ठगी का मामला भी प्रकाश में आया है। एसडीएम नरेश चंद्र दुर्गापाल ने सेंटर संचालक प्रदीप कुमार को रंगे हाथ पकड़ लिया। एसडीएम दुर्गापाल ने बताया कि गलत तरीके से प्रमाण पत्र जारी करने के आरोप में सेंटर संचालक प्रदीप कुमार व लाइसेंस धारक विकास कुमार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल एसडीएम ने तुरन्त सेंटर बंद करने के निर्देश दिये हैं।

वांछित आरोपी हिरासत में

रुद्रपुर। पुलिस ने अवैध शराब बरामदगी के मामले में वांछित आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चेकिंग के दौरान फुलसुंगा की ओर जाने वाले मार्ग से 14 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया था। एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा था, जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी थी, मगर आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आया था। इंस्पेक्टर एमपी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी दानिश खान पुत्र अब्दुल वाहिद को देर शाम दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक दानिश शराब बरामदगी के मामले में काफी दिनों से लिप्त रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया।

महिलाओं को बनाया जायेगा आत्मनिर्भर

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

जानकारी देती महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नीलम सहगल।

किच्छा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष नीलम सहगल ने कहा कि सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम अग्रवाल के निवास पर वार्ता करते हुये सहगल ने कहा कि प्रदेश सरकार देहरादून व हल्द्वानी में महिला बैंक की स्थापना की जार ही है तथा बैंक में महिलाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर व सशक्त बनाने के लिये महिला बैंक के माध्यम से बहुत कम ब्याज पर महिलाओं को रोजगार के लिये लोन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिला बैंक के माध्यम से 10 हजार महिलाओं को रोजगार दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है जिस पर तेजी से काम चल रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री लता सिंह, जिलाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दया डसीला, मीरा तिवारी, बीना अरोरा आदि मौजूद थे।

बिल्डरों को पंजीकरण कराने के निर्देश

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

रुद्रपुर। जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल ने रियल एस्टेट रेगुलेशन एक्ट की जानकारी देने के लिए प्रापर्टी डीलरों व बिल्डरों की कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। डीएम ने कहा कि रियल एस्टेट रेगुलेशन एक्ट आने से जहां आम आदमी को जमीन व आवास पारदर्शी ढंग से उपलब्ध होंगे वही प्रापर्टी डीलर के कारोबार में भी पारदर्शिता आयेगी।

उन्होंने कहा कि एक्ट के तहत सभी बिल्डरों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा जो भी आदेश प्राप्त आयेंगे उससे उन्हें अवगत कराया जायेगा। उस से उन्हे अवगत करा दिया जायेगा। उन्होने कहा इस कानून मे कोई भी परेशानी नही है। बिल्डर जो खाका तैयार करके देंगेए उसी के अनुसार उनको एग्रीमेंट करना होगा।

उन्होंने कहा पुराने प्रोजेक्टों में जिन प्रापर्टी डीलरों ने डेवलपमेंट का कार्य अभी तक नहीं किया गया है, उन डीलरों को भी पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि जिन प्रोजेक्टों में कार्य हो रहा है उसकी गाइडलाइन तय करने के लिए शासन को पत्र लिखा जायेगा। बैठक मे अपर जिलाधिकारी प्रताप सिंह शाह, एसएलओ एनएस नबियाल, एसडीएम नरेश दुर्गापाल, पीएस राणा, विजयनाथ शुक्ल, विनोद कुमार व जनपद के सभी बिल्डर व प्रोपर्टी डीलर मौजूद थे।

परेशानी/ परिवहन मंत्री से भेंट कर कार्रवाई की मांग

निजी बसों व टेम्पो चालकों में बढ़ी तकरार

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

परिवहन मंत्री यशपाल आर्य से वार्ता करते टेम्पो चालक

बाजपुर। मुरादाबाद से हल्द्वानी संचालित निजी बसों व टेम्पो चालकों के बीच चल रही तकरार बढती जा रही है। टेम्पो चालकों ने परिवहन मंत्री से भेंटकर इन बसों को सीधे हल्द्वानी तक चलाये जाने की मांग की। विदित हो कि मुरादाबाद से हल्द्वानी तक निजी बसों का संचालन होने से गुस्साये बाजपुर से दोराहा के मध्य संचालित टेम्पो चालकों ने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि इन बसों द्वारा दोराहा से सवारियां बैठाने पर उनके सामने मुश्किल बढ़ जायेंगी। विरोध स्वरूप टेम्पो चालकों ने संचालन भी बंद रखा था। इसी मामले को लेकर बुधवार को टेम्पो चालकों ने भाजपा जिला मंत्री राजेश कुमार व कुलविंदर सिंह किन्दा के नेतृत्व में परिवहन मंत्री यशपाल आर्य से उनके आवास पर भेंट की। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद से चलने वाली निजी बसें हल्द्वानी न जाकर बाजपुर से वापस लौट रही हैं। परिवहन मंत्री यशपाल आर्य ने एआरटीओ के साथ ही एसडीएम को निर्धारित रूट पर बसों का सचालन कराये जाने के निर्देश दिये। वहां जिला पंचायत सदस्य टिंकू तोमर, राकेश गुप्ता, उपकार सिह, रामदास, कोमल गोस्वामी, विनोद, पप्पू, ओमप्रकाश, राजेंद्र, गजराम, कुलदीप, जसवीर, धर्मवीर सोलंकी आदि मौजूद थे।